हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–08 : जौनपुर, गुरुवार 25 अगस्त 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## लखनऊ में बढ़ा ई–बसों का बेड़ा : सीएम योगी ने दिखाई हरी झंडी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को 42 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही राजधानी में ई–बसों का बेड़ा गुरुवार को बढ़ गया। इनमें से 34 राजधानी के चार रूटों पर चलेंगी, जिससे करीब 15 हजार यात्रियों को राहत मिलेगी। आठ बसें कानपुर में चलेंगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की प्रदूषण से मुक्त परिवहन सेवा इस समय की मांग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में तेजी के साथ बेहतरीन पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा उपलब्ध कराने में हमें सफलता प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के दो सबसे बड़े महानगरों लखनऊ और कानपुर के लिए 42 इलेक्ट्रिक बसों का शुभारंभ हो रहा है। इस अवसर पर उन्होंने दोनों नगर निकायों से जुड़े हुए सभी माननीय जनप्रतिनिधियों और वहां की जनता–जनार्दन का हृदय से अभिनंदन करते हुए उन्हें बध ााई दी। 'बता दें कि ये इलेक्ट्रिक बसें करीब महीने भर से दुबग्गा डिपो में खड़ी हैं। इन्हें सड़क पर सिर्फ इसलिए नहीं उतारा जा पाया, क्योंकि मंत्रीजी से हरी झंडी दिखाने का समय नहीं मिल सका है। सीएम ने मामले को गंभीरता से लिया और गुरुवार को इन बसों को हरी झंडी



दिखाने का निर्णय लिया है। लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट के प्रबंध निदेशक पल्लव बोस ने बताया कि अभी लखनऊ के 22 मार्गों पर 105 ई–बसें चल रही हैं। इनसे रोजाना 35 से 40 हजार यात्री सफर कर रहे हैं। अब बेड़े में 34 और ई–बसें शामिल हो जाने से दैनिक यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। नई बसों में गुरुवार से सफर किया जा सकेगा। इन्हें विराजखंड बस स्टैंड से पीजीआई वाया अहिमामऊ, लू–लू मॉल, तेलीबाग रूट पर चलाया जाना था, लेकिन इसे निरस्त कर दिया गया है। इसकी जगह लखनऊ से नैमिष का रूट जोड़ा गया है।

## चेतावनी बिंदु से तीन सेंमी ऊपर पहुंचा गंगा का जलस्तर : कई रास्ते बंद : अगले 24 घंटे अहम

वाराणसी ब्यूरो : काशी में गंगा एक बार फिर रौद्र रूप में आ गई हैं। गंगा के रौद्र रूप के बाद पलट प्रवाह से वरूणा नदी में भी जलस्तर उफान पर है। वरूणा के किनारे बसे लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। आने–जाने के रास्ते भी बंद हो गए हैं। वरूणा पुल स्थित शास्त्री घाट भी पानी में समा गया है। रिहायसी इलाकों में भी पानी घुसना शुरू हो गया है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार अगले 24 घंटे बेहद अहम हैं। बुध ावार को गंगा का जलस्तर अस्सी घाट के मुहाने तक जाती सड़क पर लहराने लगा था। पहाड़ों पर बारिश और बांध से छोड़े गए पानी का प्रवाह पहुंचने की वजह से काशी में गंगा का जलस्तर दोबारा चुनौती भरा हो गया है। पांच सेंटीमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ रही हैं गंगा।



चेतावनी बिंदु से तीन सेंटीमीटर ऊपर पहुंचा गंगा का जलस्तर। चेतावनी बिंदु पर पहुंची गंगा, खतरे के निशान से एक मीटर दूर।

## बीपी मंडल को पिछड़ा वर्ग के आइकन के रूप में याद किया जाता है : पप्पू माली

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपना दल यस कार्यकर्ताओं द्वारा जिला कार्यालय में पिछड़ों के मसीहा बीपी मंडल का जन्मदिन धूमधाम से मनाया ।सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली ने बीपी मंडल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमाली ने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और मंडल आयोग के अध्यक्ष बीपी मंडल को पिछड़ा वर्ग के आइकन के रूप में याद किया जाता है। बीपी मंडल को मंडल कमीशन की सिफारिशों को लागू करने का एक बड़ा नायक माना गया है उनके प्रयासों की वजह से केंद्र सरकार की नौकरियों एवं केंद्रीय शिक्षा संस्थानों के दाखिला में 27 परसेंट का आरक्षण मिलने का रास्ता साफ हुआ। आज पूरे देश में अपना दल यस के नेतृत्व में बीपी मंडल का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जा रहा है ।बीपी मंडल का जन्म 25 अगस्त 1918 में हुआ उनका जीवन बड़ा संघर्ष में रहा जन्म के तुरंत बाद इनके पिता जी की मृत्यु हो गई। इनका लालन–पालन इनके बड़े भाई ने किया छात्र जीवन से ही यह पिछड़ों दलितों के लिए संघर्ष करते रहे ।1952 में मधेपुरा बिहार से प्रथम बार विधानसभा सदस्य चुने गए 1968 में बिहार के मुख्यमंत्री बने 1 जनवरी 1979 को तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने बीपी मंडल को पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष नियुक्त




किया। इस जिम्मेदारी को उन्होंने शानदार तरीके से निभाते हुए पूरे देश में भ्रमण कर पिछड़ी जातियों की पहचान की और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की सिफारिश की इसी रिपोर्ट को मंडल कमीशन की रिपोर्ट कहते हैं। लोकतांत्रिक देश के बड़े समुदाय की और बेहतर तरीके से जोड़ने वाले नेता का निधन 13 अप्रैल 1982 को पटना में हो गया ।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शिव नायक पटेल ने कहा कि 2 सितंबर 2022 से अपना दल यस का सदस्यता अभियान प्रारंभ हो रहा है सभी कार्यकर्ताओं से अपना दल की सदस्यता दिलाने में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए अपील किया ।कार्यक्रम को अनिल जायसवाल ,गुरुदीन यादव, मान सिंह पटेल रामसमुझ राजेंद्र प्रजापति अंबिका मौर्य आदि लोगों ने संबोधित किया ।अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिवनायक पटेल तथा संचालन हरिहर प्रसाद पटेल ने किया।

## जिलाधिकारी ने कलक्ट्रेट सभागार मे डेंगू से बचाव व तैयारियों के संबंध में सीएमएस एवं एमओआईसी के साथ की बैठक

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलक्ट्रेट सभागार मे डेंगू से बचाव व तैयारियों के संबंध में सीएमएस, एमओआईसी के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत एवं जिला पंचायत राज अध िकारी संतोष कुमार को निर्देश दिए कि डेंगू की रोकथाम के लिए क्षेत्र में निरंतर छिड़काव और फॉगिंग कराएं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाध िकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में कहीं भी पानी का जमाव न हो। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि बच्चों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक करें व फुल बाजू के शर्ट पहनकर स्कूल आने का निर्देश दें। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पतालों में डेंगू वार्ड स्थापित हो जाए और सभी प्रकार की आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं। जिलाध िकारी ने बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एवं जिला अस्पताल में डेंगू वार्ड में बेड बढ़ाए जाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मी सिंह को दिए। बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर बी.पी. सिंह ने विस्तार से जानकारी प्रदान की।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा जिला अस्पताल का निरीक्षण कर दिया गया दिशा–निर्देश

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा जिला अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी के द्वारा इमरजेंसी वार्ड, एनआरसी वार्ड, डेंगू वार्ड, ब्लड बैंक, जेरियाट्रिक वार्ड का विस्तृत निरीक्षण किया गया। डेंगू वार्ड में भर्ती मरीज हरीश शर्मा से बात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और सीएमएस डॉक्टर ए के शर्मा को निर्देश दिया कि नियमित जांच करते हुए अच्छे से इलाज किया जाए। इमरजेंसी वार्ड में समोपुर की नाजरीन, चौकिया के अभिषेक साहू और डायरिया मरीज सुमन देवी से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली और संबंधित डॉक्टर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। एनआरसी वार्ड में भर्ती बच्चो के अभिभावक सीता देवी, सावित्री को निर्देशित किया कि जब तक बच्चे स्वस्थ न हो जाए, उनका वजन बढ न जाए तब तक अस्पताल न छोड़े। ब्लड बैंक के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ब्लड बैंक में उपलब्ध, ब्लड यूनिट की संख्या की जानकारी ली, मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर सायनदास ने बताया कि ब्लड बैंक में 1500 यूनिट ब्लड की क्षमता है और 37 यूनिट उपलब्ध है जिस पर जिलाधिकारी ने सीएमएस को निर्देशित किया है कि सरकारी विभागों, सामाजिक संस्थाओं से समन्वय कर कैंप लगाते हुए ब्लड यूनिट की संख्या बढ़ाएं। जिलाधिकारी ने सीएमएस को निर्देश दिया कि परिसर में खराब एंबुलेंस को तत्काल हटा कर नियमानुसार निष्प्रयोज्य करने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने अस्पताल में गंदगी देख कर कड़ी





नाराजगी व्यक्त की और सफाई सुपरवाइजर को फटकार लगाते हुए तत्काल सफाई कराए जाने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जौनपुर को निर्देशित किया कि जिला अस्पताल में नियमित रूप से फॉगिंग कराई जाए। प्रबंधक राज कॉलेज को निर्देश दिया कि जिला अस्पताल से लगी हुई बाउंड्री वाल को ठीक कराये।

## गोरखपुर के कैंपियरगंज में नवजात का मिला शव : जांच में जुटी पुलिस

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले के कैंपियरगंज इलाके के तेंदुआ विशंभरपुर में पंचायत भवन के पास बुध ावार को नवजात बच्चे का शव मिला। जानकारी होने पर आसपास के लोग जुट गए। पुलिस ने मौत की वजह जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर तरह–तरह की चर्चाएं हैं। जानकारी के मुताबिक, शव सड़क किनारे फेंका मिला। उसे एक प्लास्टिक में लपेटा गया था। उसी रास्ते जाते समय गांव के लोगों की नजर प्लास्टिक पर पड़ी। नजदीक जाकर देखा तो नवजात का शव था। उनकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इंस्पेक्टर रंजीत सिंह ने बताया कि जांच कराई जाएगी कि किसने और किस हाल में शव को फेंका था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के कारणों का पता चलेगा। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इन धाराओं में केस दर्ज कर होनी चाहिए कार्रवाई धारा 315 आईपीसी : शिशु को जीवित पैदा होने से रोकने या जन्म के पश्चात मृत्यु कारित करने के आशय से किया गया कार्य। सजा : दस वर्ष तक कारावास और आर्थिक दंड धारा 317 आईपीसी : माता–पिता या नवजात की देखरेख करने वाले व्यक्ति द्वारा 12 वर्ष से कम आयु के बच्चे का परित्याग करना अपराध है। सजा : सात साल की कैद या फिर जुर्माना या फिर दोनों। धारा 318 आईपीसी : नवजात को गोपनीय तरीके से जीवित अथवा मृत फेंकना अपराध है। सजा : दो साल की कैद या जुर्माना या फिर दोनों। गोरखपुर में 154 साल बाद दर्ज हुई थी पहली एफआईआर जिसके जन्मदाता ने ही उसे मार डाला या लावारिस छोड़ दिया, फिर उसके मामले में कौन सुनेगा? अमूमन नवजात का शव मिलने या उसके जीवित



लावारिस मिलने पर पुलिस कोई मामला दर्ज ही नहीं करती। अमर उजाला ने नवजात के लावारिस मिलने पर 2019 में यह मामला उठाया तो ध ाारा–317 के तहत गोरखपुर में पहली एफआईआर दर्ज हुई, वरना इससे पूर्व जनरल डायरी में शिशु के मिलने का उल्लेख करके पुलिस अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेती थी। चौंकाने वाली बात थी कि गोरखपुर पुलिस के उपलब्ध रिकॉर्ड के मुताबिक इस कानून के बनने के 154 साल बाद यहां ऐसी कोई एफआईआर दर्ज हुई थी। इन मामलों में पुलिस का कुतर्क रहता है कि कोई तहरीर ही नहीं देने वाला तो वे एफआईआर कैसे दर्ज करें? अमर उजाला की पहल पर तत्कालीन डीजीपी ओम प्रकाश सिंह ने प्रदेश भर में सर्कुलर जारी करके इस समस्या का समाधान भी किया था कि नवजात शिशु के मामले में तहरीर का इंतजार किए बिना, पुलिस स्वयं वादी बनकर मामला दर्ज करे। इसके बाद गोरखपुर में कई मामले दर्ज हुए। कुछ मामलों में पुलिस ही वादी भी बनी। पीपीगंज में मौत के घाट उतारा गया था नवजात कथित लोकलाज से बचने के लिए नवजात को मौत के घाट उतारने का कुकृत्य हमारे समाज में आदिकाल से होता चला आ रहा है। पाठकों के पता होगा कि एक ऐसा ही मामला, अमर उजाला की कोशिशों से पीपीगंज में खुला था। 31 जनवरी 2020 को दर्ज इस मामले की तफ्तीश कैंपियरगंज थाना पुलिस ने की थी। इस मामले में एक प्रभावशाली परिवार के युवक ने एक नाबालिग को हवस का शिकार बनाया था। उससे एक बच्चे का जन्म हुआ। बिन ब्याही किशोरी मां और उसकी मां ने नवजात को मारकर फेंक दिया था। अमर उजाला की पड़ताल पर सक्रिय हुई पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी, नवजात को मौत के घाट उतारने वाली किशोरी मां और किशोरी की मां को हत्या के आरोप में 24 फरवरी 2020 को गिरफ्तार किया था।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

### अग्निवीर प्रभारी मेजर जनरल से भाजपा नेताओं ने की मुलाकात

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तरप्रदेश एवम उत्तराखंड के अग्निवीर प्रभारी मेजर जनरल राजपूत से भाजपा सांसद जगदंबिका पाल



के साथ भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव ने मुलाकात करते हुए अग्निवीर के संबंध मे चर्चा किया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत कनेक्शन बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जानकारी ली कि किन–किन केन्द्रों पर ओवरलोडिंग



की समस्या आ रही। अधीक्षण अभियंता विद्युत से पूछा कि ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग में कितनी लागत आती है, शिकायत के कितनें दिनों के अन्दर क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर को बदल लिया जाता है और निर्देशित किया कि समय से ट्रांसफार्मर बदलने की कार्यवाही की जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने बड़े उपभोक्ताओं की वसूली पर जोर देने को भी कहा। उन्होंने समस्त संबंधित अध िकारियों को कार्यों में लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देते हुए विद्युत व्यवस्था में सुधार एवं राजस्व वसूली बढ़ाने हेतु प्रयास करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रवर्तन के दौरान विद्युत अध िकारी एवं कर्मचारियों से कोई दुर्व्यवहार करता है, तो मुकदमा दर्ज कर तत्काल कार्यवाही की जाए। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता, समस्त अधिशासी अभियंता समस्त एस.डी.ओ. एवं समस्त जे. ई. उपस्थित थे।

## नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत द्वारा जनपद में पॉलिथीन जब्त कर की गई वसूली

जौनपुर सू.वि. : प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय ने अवगत कराया कि नगर पालिका परिषदध् नगर पंचायत के द्वारा 24 अगस्त को जनपद में पॉलिथीन जब्त कर वसूली की गई। जिसमें नगर पालिका परिषद जौनपुर द्वारा 05 किलोग्राम पालीथिन जब्त की गई और 9000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। नगर पालिका परिषद शाहगंज के द्वारा 0.775 किलोग्राम पॉलीथिन जब्त कर 6000 रुपए का जुर्माना वसूले गए। नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर द्वारा 0.190 कि0ग्रा0 पॉलिथीन जप्त कर 2000 वसूली की गई। नगर पंचायत मछलीशहर द्वारा 0.350 कि0ग्रा0 पॉलिथीन जप्त कर 2000 वसूली की गई। नगर पंचायत बदलापुर 0.450 कि0ग्रा0 जब्त कर 2000 वसूली की वसूली की गई, मड़ियाहूं द्वारा 05 किलोग्राम जब्त कर 3500 की वसूली की गई, जफराबाद द्वारा 0.600 कि0ग्रा0 जब्त कर 3000 की वसूली की गई, खेतासराय द्वारा 0.090 कि0ग्रा0 जब्त की गयी, नगर पंचायत केराकत द्वारा 0.100 कि0ग्रा0 जब्त कर 1000 रुपये की वसूली की गई। नगर पंचायत कंचगॉव द्वारा 0.080 कि0ग्रा0 जब्त कर 500 रुपये की वसूली की गई। नगर पंचायत गौराबादशाहपुर द्वारा 01 किलोग्राम एवं रामपुर द्वारा 10 कि0ग्रा0 जब्त की गयी। कुल 23.635 किलो ग्राम पॉलिथीन जब्त कर रुपये 29000 की वसूली की गई।

### डिस्कवरी चैनल एवं बाईजूस की टीम के संयुक्त प्रयास से ऑल इंडिया लेवल पर टीडीएमस स्कूल एक प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : डिस्कवरी चैनल एवं बाईजूस की टीम के संयुक्त प्रयास से ऑल इंडिया लेवल पर बच्चों की प्रतिभा में निखार लाने हेतु ठाकुर जयकरन सिंह मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित टीडीएमस स्कूल, राजेपुर, धर्मापुर, जौनपुर पर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में बच्चों को पार्टिसिपेशन का सर्टिफिकेट मिलेगा तथा उन्हें आगे के सलेक्शन हेतु भी मेरिट के हिसाब से चुना जाएगा। टीडीएमसी स्कूल के (कक्षा 3 से कक्षा 10 तक के ) विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में भाग लिए और उन्होंने दिए गए प्रश्नों को पढ़कर उसका उत्तर ओएमआर शीट पर चढ़ाकर जमा किया। अब 10–15 दिन बाद इसका परिणाम आएगा। टीडीएमसी स्कूल राजेपुर धर्मापुर जौनपुर पर समय–समय पर बच्चों के ज्ञानवर्धन हेतु तरह–तरह के कार्यक्रम /एक्टिविटी होती रहती है इससे उनकी प्रतिभा में निखार आता है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

इस धरा का, इस धरा पर, सब धरा रह जायेगा।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# कोविड और मंकीपॉक्स से जुड़े सबक सीखने ही होंगे

भारत अब भी उन देशों में शामिल है, जहां सार्वजनिक स्वास्थ्य पर खर्च सबसे कम हैं। कई राज्यों में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई–सी है। जब कोई स्वास्थ्य प्रणाली सामान्य समय में आम लोगों की सेवा नहीं कर सकती, तब यह मुश्किल ही है कि वह स्वास्थ्य संबंधी संकट के समय प्रभावी तरीके से काम कर पाएगी।

कभी–कभी कॉमेडियन जनस्वास्थ्य से जुड़े संदेशों को सबसे शक्तिशाली तरीके से व्यक्त करते हैं। अमेरिका के देर रात प्रसारित होने वाले चर्चित टॉक शो के होस्ट और कॉमेडियन जॉन ओलिवर ने हाल ही में कहा, 'लंबे समय तक हम इसी चमत्कारिक सोच में उलझे थे कि वायरस कहीं और मौजूद है, इसलिए हमें उन्हें लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं है।' मंकीपॉक्स वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल केवल नवीनतम चेतावनी है कि हमारी यह सोच कितनी त्रुटिपूर्ण है। मंकीपॉक्स की महामारी मध्य और पश्चिमी अफ्रीका के कुछ हिस्सों में दशकों से व्याप्त है।

नाइजीरिया में 2017–18 में इसका जो प्रकोप फैला था, वह आज के हालात के लिए एक तरह से संकेत था। अफ्रीकी वैज्ञानिक पिछले कुछ समय से इसे लेकर चेतावनी दे रहे थे। निराशाजनक रूप से, दुनिया ने उस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। अब हम अफ्रीका की अनदेखी करने की कीमत चुका रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि गैर–स्थानिक देशों में मंकीपॉक्स के प्रकोप के पीछे कई कारक हैं– चेचक के टीके की समाप्ति, बढ़ते व्यापार और गतिशीलता, कोविड–19 प्रतिबंधों में ढील, वन भूमि का अतिक्रमण, जलवायु परिवर्तन इत्यादि।

वैश्विक रूप में मंकीपॉक्स के अब तक 44 हजार से अधिक मामले आ चुके हैं और 12 लोगों की मौत हो चुकी है। भारत में अब तक इसके नौ मामले सामने आ चुके हैं और इसमें एक मौत भी शामिल है। इनमें दिल्ली के चार मामले और केरल में मंकीपॉक्स से हुई एक मौत शामिल है। अमेरिका और यूरोप के कुछ हिस्सों में जो हो रहा है, उसकी तुलना में यह संख्या बहुत कम है। लेकिन आत्मसंतुष्टि के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। कोरोना वायरस की महामारी अभी खत्म नहीं हुई है। कुछ अन्य देशों की तरह भारत भी सार्स–कोवि–2 के नए वैरिएंट्स और उसके विस्तार से संघर्ष कर रहा है।

लाखों भारतीय कुछ अन्य बीमारियों से भी ग्रस्त हैं, लिहाजा कोविड से उनके लिए जोखिम अधिक है। दुनिया भर के वैज्ञानिक इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि एक नई महामारी कैसे, कब और कहां हो सकती है और किन उपायों से इसे रोका जा सकता है। तैयारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालांकि भारत में तैयारियों को लेकर होने वाली चर्चा में अक्सर एक जरूरी तत्व, मानव संसाधन पीछे छूट जाता है। महामारी विशेषज्ञ डॉ. गिरिधर आर बाबू कहते हैं, 'महामारी की तैयारी कोई इवेंट नहीं है, बल्कि एक मजबूत और लचीली सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के निर्माण की प्रक्रिया है, जो प्रकोपों का सक्रिय रूप से पता लगाती है और प्रतिक्रिया करती है।' महामारी की तैयारी के केंद्र में सामान्य समय के दौरान स्वास्थ्य प्रणाली की चुनौतियों के समाधान की कोशिश होती है।

इसका अनिवार्य रूप से अर्थ है कि मानव संसाधनों पर ध्यान केंद्रित किया जाए, जो कि दुनिया में हर जगह प्रभावी स्वास्थ्य प्रणालियों को शक्ति प्रदान करता है। मंकीपॉक्स का प्रकोप फैलने के बाद निगरानी को लेकर ढेर सारी बातें की जा रही हैं, लेकिन बाबू कहते हैं, 'निगरानी को मजबूत करने और प्रकोपों का जवाब देने के लिए प्रयोगशाला के बुनियादी ढांचे और कुशल शासन तंत्र के साथ मानव संसाधनों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है।' इसके साथ ही वह यह भी कहते हैं, 'दुर्भाग्य से सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों की निरंतर उपेक्षा पुरानी स्थिति में लौटने को प्रेरित होती है।'

भारत अब भी उन देशों में शामिल है, जहां सार्वजनिक स्वास्थ्य पर खर्च सबसे कम हैं। कई राज्यों में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई–सी है। जब कोई स्वास्थ्य प्रणाली सामान्य समय में आम लोगों की सेवा नहीं कर सकती, तब यह मुश्किल ही है कि वह स्वास्थ्य संबंधी संकट के समय प्रभावी तरीके से काम कर पाएगी। बाबू तो यह भी कहते हैं कि स्वास्थ्य संबंधी आपातकाल के समय तो मजबूत स्वास्थ्य प्रणालियां तक ध्वस्त हो जाती हैं। भारत में शहरी क्षेत्रों की आबादी की जरूरतों के अनुसार स्वास्थ्य कार्यबल (आशा कार्यकर्ता और एएनएम) पर्याप्त संख्या में मौजूद नहीं है।

नतीजन स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होती हैं, जैसा कि कोविड–19 के दौरान देखा गया। यही समय है, जब खामियों को दूर करने और सभी तरह के प्रकोपों से निपटने में सक्षम स्वास्थ्य कार्यबल खड़ा करने के बारे में विचार किया जाए। बाबू के मुताबिक, जनस्वास्थ्य से जुड़ी आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए भारत को जल्द ही तीन अहम उपाय करने की जरूरत हैः आबादी के अनुपात में एएनएम तथा आशा कार्यकर्ताओं के खाली पद भरे जाएं और निर्मित किए जाएं (ग्रामीण क्षेत्रों में वे पहले से मौजूद हैं)य सभी राज्यों में सार्वजनिक स्वास्थ्य संवर्ग को संस्थागत रूप देकर सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यबल को मजबूत किया जाएय मानव और पशु स्वास्थ्य के सभी पहलुओं और अंतःक्रियाओं पर व्यापक रूप से ध्यान केंद्रित करके 'एक स्वास्थ्य' एजेंडा लागू किया जाए।

हमें दुनिया में जूनोटिक रोग (ऐसे रोग या संक्रमण जो जानवरों से मनुष्यों में और मनुष्यों से जानवरों में फैलते हैं) के प्रकोप में वृद्धि के साथ 'वन हेल्थ' दृष्टिकोण पर अधिक ध्यान देना चाहिए। संक्षेप में, 'वन हेल्थ' दृष्टिकोण लोगों, जानवरों और पर्यावरण के लिए सर्वोत्कृष्ट स्वास्थ्य प्राप्त करने के लिए मानव और प्राकृतिक प्रणालियों की अन्योन्याश्रयता को स्वीकार करता है। बढ़ते जूनोज के समय में यह विशेष रूप से प्रासंगिक है, क्योंकि एक ही तरह के कई रोगाणु जानवरों और मनुष्यों को संक्रमित करते हैं, क्योंकि वे जिस इको–सिस्टम में रहते हैं, उसे साझा करते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि केवल एक क्षेत्र के प्रयास समस्या को रोक या समाप्त नहीं कर सकते हैं। भारत ने 'वन हेल्थ' विचार को अमल में लाने की शुरुआत की है। यह कायम रहना चाहिए। हम शुरुआती सतर्कता से चूकने का जोखिम नहीं उठा सकते। सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरणीय संकटों के फैलाव ने कई सबक दिए हैं, जिन पर हमें ध्यान देने की जरूरत है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# आजादी के अमृत महोत्सव पर भारतीय खाद्य निगम अन्नागार द्वारा कई बिन्दुओं पर हुयी चर्चा

मृत्युंजय प्रताप सिंह लखनऊ। राजधानी में आजादी के अमृत महोत्सव अन्तर्गत भारतीय खाद्य निगम अन्नागार तालकटोरा, लखनऊ परिसर में भारत सरकार के दिशा–निर्देश पर पत्रकारों के साथ एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय खाद्य निगम द्वारा कोविड–19 महामारी के दौरान विगत 2 वर्षो में किये गये कार्यो, निगम की कार्यप्रणाली, प्रयोग में लायी जा रही नई तकनीक, खाद्यान्न के रख–रखाव के साथ–साथ कई अन्य बिन्दुओं पर पत्रकारों को जानकारी दी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत में मनोतोष बासु (मण्डल प्रबन्धक, भारतीय खाद्य निगम) द्वारा पत्रकारों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर अरूण कुमार (डिपो अधिकारी) द्वारा निगम की कार्य प्रणाली में सुधार सहित प्रयोग में लायी जा रही नई तकनीक के विषय में प्रकाश डाला। उन्होने बताया कि विगत 2 वर्षों के दौरान कोविड–19 महामारी में भारतीय खाद्य निगम के कर्मचारियों द्वारा निगम के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु राष्ट्रहित में लखनऊ जनपद के अन्तर्गत हजारों मीट्रिक टन अनाज को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य किया गया। जिसमें भारत सरकार के निर्देशानुसार जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अन्तर्गत (एनएफसीए), अंत्योदय के अतिरिक्त प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को सफल बनाने हेतु महामारी से प्रभावित प्रत्येक व्यक्ति को निशुल्क 5 कि.ग्रा. खाद्यान्न उपलब्ध कराने का कार्य किया गया। आगे उन्होने बताया कि डिपो में खाद्यान्न के बोरों की स्टेकिंग और डी–स्टेकिंग करने के लिये स्टेकिंग मशीन का संचालन प्रारम्भ किया जा चुका है। जिससे स्टेकिंग और डी–स्टेकिंग के अन्तर्गत श्रमिकों की कार्यक्षमता में वृद्धि हुयी है। साथ ही समय की भी बचत हो रही है। ऐसा होने से खाद्यान्न रेक का आगमन और डिपो से खाद्यान्न का निर्गमन कार्य कम समय में तेजी से हो पा रहा है। डिपो




परिसर में गोदाम की 24 घंटे मॉनीटरिंग हेतु लाइव सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये हैं। जिससे निगम की छवि को धूमिल करने वाली घटनाओं में भारी कमी आयी है। इसके अतिरिक्त खाद्यान्न के आवागमन में पारदर्शिता लाने हेतु डिपो ऑनलाइन सिस्टम सॉफ्टवेयर (डीओएस) को भी पूरी तरह लागू कर दिया गया है। जिससे गोदाम की स्थिति के साथ–साथ खाद्यान्न के आवागमन का पूर्ण विवरण को ऑनलाइन देखा जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित योगिता सोनकर (प्रबंधक गुण–नियंत्रण) एवं ज्योति गुप्ता (प्रबन्धक नियंत्रण) द्वारा फोर्टीफाइड (एफआरके) चावल की गुणवत्ता, विशिष्टता तथा उपयोगिता पर भी प्रकाश डालते हुये अवगत गराया गया कि आइरन, फोलिक ऐसिड एवं विटामिन बी–12 युक्त फोर्टीफाइड चावल एनीमिया और कुपोषण से बचाव के लिये अधिक उपयोगी है। साथ ही साथ खाद्यान्न की अनुरक्षण एवं रखरखाव से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विभाग की कार्य प्रणाली एवं आधारभूत संरचना के विषय में क्यूसीआई और डब्लूडीआरए द्वारा जारी रेटिंग और प्रमाण पत्र के बारे में भी चर्चा हुयी। क्यूसीआई द्वारा भारतीय खाद्य निगम अन्नागार तालकटोरा को 5 स्टार रेटिंग दी गयी। गोदाम में खाद्यान्न की प्राप्ति, खाद्यान्न की अनलोडिंगध्लोडिंग, श्रमिकों की कार्यप्रणाली, धर्मकांटा पर ट्रक की तौल, रेक के माध्यम से प्राप्त खाद्यान्न की अनलोंडंग के दौरान खाद्यान्न की गुणवत्ता की जांच व रख–रखाव के कार्य तथा साइलो की कार्य–प्रणाली को दिखाया गया। इस कार्यक्रम में मंडल प्रबन्धक मनोतोष बासु, समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# केंद्रीय विद्यालय आर डी एस ओ लखनऊ में आयोजित हुआ छात्र–परिषद का अलंकरण समारोह

मृत्युंजय प्रताप सिंह लखनऊ। केंद्रीय विद्यालय आरडीएसओ लखनऊ में सत्र 2022–23 के छात्र परिषद का अलंकरण समारोह पूरे उत्साह, उमंग एवं सम्मान के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार उपस्थित थे। उप प्राचार्य अजय शंकर शुक्ला एवं मुख्य अध्यापिका अंजू अरोड़ा विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ वाग्देवी मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के होनहार छात्र छात्राओं ने अतिथियों के सम्मान में एक मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया। छात्राओं ने अतिथियों को बैज लगाकर उन्हें कार्यक्रम का अभिन्नत अंग बनाया। विद्यालय के सीसीए प्रभारी डॉक्टर के. पी. सिंह ने छात्र परिषद के गठन एवं इसकी उपयोगिता पर विहंगम प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों के समूह ने संगठन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए कुल 64 बच्चों को छात्र परिषद में शामिल किया है।चुने हुए बच्चों का व्यक्तित्व परीक्षण, समूह वार्ता, शैक्षिक उपलब्धि, शिक्षणेत्तर क्रियाकलापों में भागीदारी, नेतृत्व क्षमता आदि का भी मूल्यांकन किया गया। विद्यालय कप्तान के रूप में मास्टर हर्ष श्रीवास्तव 12वीं वाणिज्य वर्ग, विद्यालय कप्तान बालिका कुमारी जाह्नवी मिश्रा 12वीं वाणिज्य वर्ग, विद्यालय उप कप्तान बालक के रूप में मास्टर कौस्तुभम नारायण दीक्षित, उप कप्तान बालिका के रूप में कुमारी अनुष्ठा दीक्षित, विद्यालय क्रीडा कप्तान के रूप में मास्टर सिद्धार्थ 12वीं मानविकी वर्ग एवं क्रीडा कप्तान बालिका के लिए कुमारी आकांक्षा सिंह 12वीं विज्ञान वर्ग को सर्वसम्मति से चुना गया। इसी प्रकार से प्रत्येक सदन से सदन कप्तान सदन उपकप्तान ,सदन क्रीडा कप्तान ,सदन सीसीए कप्तान सदन प्रीफेक्ट का चयन किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्र परिषद के छात्र छात्राओं को उनके पद, गोपनीयता एवं कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि ने सभी चुने गए पदाधिकारियों को बैज लगाकर एवं सैश पहनाकर सम्मानित किया। इसी क्रम में कक्षा अनुवीक्षकों , स्वच्छता अग्रदूत एवं प्रीफेक्ट को भी बैज प्रदान किए गए। सभी सद्नाध्यक्षो को उनके सदन के कप्तान, उप कप्तान एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ सदन ध्वज एवं बैज प्रदान किए गए। अपने उदबोधन में प्राचार्य ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनकी जिम्मेदारी एवं कर्तव्य के प्रति आगाह किया। प्राचार्य महोदय ने कहा कि नेतृत्व का गुण कई गुणों का एक समूह होता है। यह जन्मजात न होकर समाज में अनुभवों एवम अपने कौशल




के माध्यम से तराशत जाता है लेकिन इसके लिए रुचि एवम लगन का होना नितांत आवश्यक है। उन्हें दिए गए बैज काफी मायने रखते हैं, इन बच्चों को कोई भी ऐसा कार्य एवं व्यवहार नहीं करना चाहिए जिससे कि विद्यालय की गरिमा को ठेस पहुंचे। उनका व्यवहार उनका अनुशासन, कार्य करने की शैली उनकी निष्ठा जूनियर बच्चों के लिए अनुकरणीय होना चाहिए। विद्यालय प्रशासन का सहयोग करने में छात्र परिषद की अहम भूमिका होती है विशेष रुप से विद्यालय में अनुशासन को बनाए रखने में, विभिन्न कार्यक्रमों के सफल आयोजन में तथा विद्यालय प्रशासन एवं छात्रों के बीच एक कड़ी के रूप में छात्र परिषद की अहम भूमिका होती है। उप प्राचार्य ने छात्र परिषद के सदस्यों से कहा कि वो पर्यावरण के संरक्षण लिए भी आगे आएं, स्वच्छता के मुहिम को शिखर तक ले जाएं, ना तो स्वयं गंदगी फैलाएं और ना ही अन्य बच्चों को ऐसा करने दें, छोटे बच्चों को प्यार के साथ समझाएं और उन्हें भी उनकी छोटी छोटी जिम्मेदारी का एहसास कराएं। अन्य बच्चों को ऐसा बिल्कुल भी नहीं लगना चाहिए कि छात्र परिषद के सदस्य बैज पाकर प्रशासक की भूमिका में आ गए हैं। ध्यान रहे कि छात्र परिषद का कार्य विद्यालय प्रशासन को सहयोग करना है जिससे कि विद्यालय प्रत्येक क्षेत्र में सफलता के शिखर तक पहुंचे। सीसीए प्रभारी डॉक्टर के. पी. सिंह ने छात्र परिषद के लिए तैयार किए गए चार्टर आफ ड्यूटीज को परिषद के समक्ष पढ़ा एवं आह्वान किया कि सभी पदाधिकारी अपने कर्तव्यों का , जिम्मेदारी का पूरी इमानदारी एवं लगन के साथ अनुपालन करेंगे। आज के कार्यक्रम में प्राथमिक विभाग के बच्चों का भी छात्र अलंकरण समारोह सुश्री अर्शी मैडम के द्वारा संपन्न कराया गया। पदाधिकारियों को बैज प्रदान कर, सैस पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अध्यापिका महोदय ने प्राथमिक विभाग के बच्चों को उनके चयन हेतु बधाई दिया और कहा कि उनके अंदर भी नेतृत्व के अनेक ऐसे गुण हैं जो आगे चलकर उन्हें अच्छा लीडर बनने में मदद करेंगे। छोटे बच्चों का आह्वान करते हुए मैडम ने कहा कि प्राथमिक विभाग के पदाधिकारी भी विद्यालय को सुचारू रूप से संचालित करने में अपना अमूल्य सहयोग देंगे। अच्छी आदतों को अपनाएंगे और इसके लिए अन्य बच्चों को भी प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम का उत्कृष्ट आयोजन एवम संचालन डॉक्टर के. पी. सिंह द्वारा किया गया। एच. एन. दुबे ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया और सभी अतिथियों शिक्षकों ,बच्चों एवं कार्यक्रम प्रभारी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# यंग इण्डिया के बोल सीरीज–2 : राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के ग्राण्ड फिनाले का कार्यक्रम सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। यंग इण्डिया के बोल कार्यक्रम राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का ग्राण्ड फिनाले कार्यक्रम आज यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के मीडिया सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संयोजन भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री शान खान एवं आयोजन उ0प्र0 युवा कांग्रेस पूर्वी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्री कनिष्क पाण्डेय तथा निर्णायक मंडल में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री एवं प्रवक्ता श्री द्विजेन्द्र त्रिपाठी, केकेसी पीजी कॉलेज के प्रोफेसर विनोद चन्द्रा एवं प्रोफेसर हिलाल अहमद, श्रीमती प्रज्ञा सिंह, अंकित तिवारी, सैय्यद इमरान, शिवम त्रिपाठी, देवांश तिवारी, विवेक सिंह, अवनीश शुक्ला, राहुल राय शामिल रहे। कार्यक्रम में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रभारी उ0प्र0 श्री कृष्णा हरि सहित भारी संख्या में प्रतियोगिता में भाग लेने आये प्रतिभागी शामिल रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व नेता विधान परिषद दल श्री दीपक सिंह, पूर्व मंत्री श्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व मंत्री श्री नकुल दुबे, प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्री सतीश अजमानी, प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं प्रभारी प्रशासन श्री योगेश दीक्षित, महासचिव श्री शिव पाण्डेय, श्री दिनेश सिंह एवं संगठन सचिव श्री अनिल यादव आदि वरिष्ठ नेताओं ने युवा प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया और उत्साहवर्धन किया। यह जानकारी देते हुए प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रवक्ता एवं संगठन प्रभारी श्री वर्चस्व पाण्डेय ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर चुके लगभग 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें विजयी तीन प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर पर भाषण प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए चयन किया गया। निर्णायक मण्डल द्वारा टॉप 10 एवं विजयी 3 प्रतिभागियों को क्रमशः प्रथम स्थान पर अरशद रजा को, द्वितीय स्थान पर रहीं दिव्यांशी श्रीवास्तव को एवं तृतीय स्थान पर रहे वरून त्रिवेदी को पुरस्कार स्वरूप ट्राफी प्रदान किया गया। इस मौके पर प्रदेश युवा कांग्रेस पूर्वी के अध्यक्ष श्री कनिष्क पाण्डेय ने कहा कि





राष्ट्रीय स्तर पर चलाये जा रहे इस तरह के कार्यक्रम को लेकर उ0प्र0 युवा कांग्रेस पूर्वी द्वारा आज राज्य स्तरीय ग्राण्ड फिनाले कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसको लेकर उ0प्र0 युवा कांग्रेस पूर्वी के अन्तर्गत 39 जनपदों के सैंकड़ों युवाओं ने अपना पंजीकरण कराया था जिसमें लगभग 50 प्रतिभागियों ने आज पूरे उत्साह के साथ विषयवार चुने गये विषयों पर अपना भाषण प्रस्तुत किया। उन्होने कहा कि युवा कांग्रेस देश और प्रदेश की वर्तमान सरकार की जनविरोधी नीतियों, बेरोजगारी, भीषण मंहगाई, जीएसटी, नोटबन्दी, बदतर एवं बेहाल शिक्षा एवं कानून व्यवस्था आदि एक दर्जन से अधिक ज्वलन्त मुद्दों पर युवाओं को आम जनता की आवाज बनने के लिए एक प्लेटफार्म प्रदान किये जाने के सन्दर्भ में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करने पर जोर दिया जा रहा है जिसको लेकर प्रदेश का युवा बहुत ही उत्साहित और संजीदा है। उन्होने कहा कि अब समय आ गया है जब युवा जन सरोकारों और ज्वलन्त मुद्दों पर पूरी तरह मुखर होकर आवाज उठाये और जनता की आवाज बने।

# (जनरल सलूट मेंटर्स ) डिफेन्स अकादमी ने छात्र–छात्राओं को दिए सैन्य अधिकारी बनने के टिप्स

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। OLQs (Officer Like Qualities) या LLQs (Leader Like Qualities) कुल १५ गुण होते है जिन्हे कुल ४ अलग अलग फैक्टर्स ( १ से ४ ) मे बांटा जाता है। ४ फैक्टर्स है PLANNING AND ORGANISING (योजना और आयोजन), SOCIAL ADJUSTMENT (सामाजिक समायोजन), SOCIAL EFFECTIVENESS (सामाजिक प्रभावशीलता) और DYNAMISM (गतिशीलता)। यह समझना निहायत जरूरी है की इन सबकी क्या अहमियत है। लीडरशिप के किसी भी कार्य मे तीन फैक्टर्स होते है जैसे लीडर, टीम और सिचुएशन या परिस्तिथि। यदि गौर किया जाये तो इन फैक्टर्स मे से सिर्फ लीडर कांस्टेंट यानि स्थिर होता है जबकि बांकी दो फैक्टर्स वेरिएबल या बदलने वाले होते है। इसलिए निहायत जरूरी हो जाता है की लीडर किसी भी परिस्तिथि मे या फिर टीम मे हमेशा स्थिर रहे , सही निर्णय ले और टीम का संचलन करते हुए सफलता प्राप्त करे। यही वजह है के SSB (Service Selection Board) की सिलेक्शन परिक्रिया को तीन अलग अलग हिस्सों मे संचलित किया जाता है जिसे कहते है मनसा, वाचा और क्रिया। जहाँ मनसा आपके मनोविज्ञान को दर्शाता है और इसको एक मनोवैज्ञानिक द्वारा संपन्न किया जाता है। मजेदार बाद यह है की यह मनोवैज्ञानिक आपके संपर्क मे भी नहीं आता है परन्तु अपने तरीके से आपके अंदर सभी स्स्फे (Leader Like Qualities ) की जानकारी पा लेता है। मनोविज्ञानिक परीक्षा आपके सचेत और अचेत मन की दशा को एक शीशे की तरह दर्शाता है। GSM (जनरल सलूट मेंटर्स ) डिफेन्स अकादमी के कौंसलर और मनोवैज्ञानिक कर्नल रामेन्द्र सिंह ने बताया कि (जनरल सलूट मेंटर्स ) डिफेन्स अकादमी, लखनऊ, भारतीय सेना




के चार सीनियर सैन्य अधिकारियो द्वारा स्थापित एक ट्रेनिंग संस्था है जो भावी विद्यार्थियों की NDA , CDS , AFCAT , IN ,oa CAPF की लखनऊ मे लिखित और ैठ की तैयारी करवाती है. समय का सदुपयोगः कर्नल रामेंद्र सिंह ने युवाओं के नाम संदेश में बताया कि जीवन में सुबह जल्दी उठना बहुत महत्वपूर्ण है। कर्नल रामेंद्र सिंह ने उदाहरण देते हुए बताया कि जो युवा किसी दूसरे से एक घंटे पहले उठता है और समय का सदुपयोग करता है वह युवा एक महिने में 30 घंटे और एक वर्ष में 360 घंटे बचाता है। अगर दिनों में देखा जाए तो ये युवा एक वर्ष में 15 दिन बचाता है और अपने प्रतियोगी से एक वर्ष में 15 दिन आगे रहता है। सच्चाई ये भी है की हम जीवन में गुजरे हुए एक क्षण समय को भी वापस नहीं ले सकते हैं। SSB (Service Selection Board) इंटरव्यू में बहुत से टेस्ट आपको सेकंड और सेकंड से कम समय में देने पड़ते हैं। तो आप समझ सकते हैं कि जीवन में समय का कितना महतव है यानी समय अनमोल है। इससे बरवाद होने से बचाएं। और समय का उपयोग अपने जीवन को सफल बनाने में करें।

## गोरखपुर में निर्माणाधीन भवन के तीसरे मंजिल से गिरी ईंट : छात्रा घायल

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां हुमायूंपुर उत्तरी स्थित प्राथमिक विद्यालय में दीवार गिरने से एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई है। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि गोरखनाथ थाना क्षेत्र के हुमांयुपुर उत्तरी स्थित प्राथमिक विद्यालय से सटे निर्माणाधीन भवन की तीसरी मंजिल से ईंट गिरने से गुरुवार को 10 वर्षीय छात्रा अंशिका पासवान गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन–फानन उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। फिलहाल छात्रा की हालत गंभीर बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, हुमायूंपुर उत्तरी निवासी अमित पासवान की



पुत्री अंशिका पासवान (10) तरंग क्रासिंग के पास हुमायूंपुर उत्तरी स्थित प्राथमिक विद्यालय की कक्षा 2 में पढ़ती है। विद्यालय से सटे ही तीन मंजिला भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। गुरुवार को छात्रा हैंड वाशिंग पीट पर हाथ धोने गई थी। इस दौरान निर्माण कार्य के दौरान तीसरे मंजिल से कुछ ईंट वाशिंग पीट पर लगे शेड पर गिर गई। जिस वजह से वहां मौजूद छात्रा उसकी चपेट में आई गई। घटना की सूचना मिलते ही बेसिक शिक्षा अधिकारी आरके सिंह, डायट प्राचार्य और नगर शिक्षा अधिकारी ने मेडिकल कॉलेज जाकर छात्रा का कुशल क्षेम पूछा।

## पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्शदात्री समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने मण्डल रेल प्रबंधक लखनऊ को भेजा सुझाव पत्र

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कजरीतीज पर रेलवे द्वारा कावड़ियों एवं श्रद्धालुओं हेतु विशेष सुरक्षा प्रबंधन तथा रेल गाड़ियों के आवागमन धीमी गति से आवाज सहित किये जाने का आग्रह पत्र मण्डल रेल प्रबंधक को सम्बोधित क्षेत्रीय प्रबंधक को दिया गया। पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्शदात्री समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मण्डल रेल प्रबंधक लखनऊ को सम्बोधित सुझाव गोण्डा जं० के क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार से मिलकर आगामी 29 / 30 अगस्त को कजरीतीज के पावन पर्व पर मेल/एक्सप्रेस एवं माल गाड़ियों के संचालन के परिपेक्ष्य में तथा रेलवे सुरक्षा बल द्वारा कावड़ियों एवं श्रद्धालुओं हेतु सरयु से गोण्डा जं० तथा गोण्डा जं० से सरयु तक सुरक्षा उपलब्ध कराने का सुझाव पत्र क्षेत्रीय प्रबंधक को दिया गया। जिस



पर क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा सम्बंधित रेलवे अधिकारियों को अविलम्ब निर्देशित किया गया। इस दौरान भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव एवं उमेश श्रीवास्तव ने रेलवे की त्वरित कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया।

## महिला सशक्तीकरण एवं महिलाओं को उनके हितार्थ निर्मित कानूनों की जानकारी प्रदान कराये जाने हेतु विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर के अनुमति से महिला सशक्तीकरण एवं महिलाओं को उनके हितार्थ निर्मित कानूनों की जानकारी प्रदान कराये जाने हेतु सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर विवेक विक्रम की अध्यक्षता में 25 अगस्त 2022 को "विकास खण्ड मुफ्तीगंज, जौनपुर में विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को सम्बोधित करते हुए सदस्य, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग लखनऊ श्रीमती शशि मौर्या द्वारा महिला सशक्तीकरण से जुड़े सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक और कानूनी मुद्दो पर संवेदनशीलता और सरोकार व्यक्त किया जाता है। जिससे वह अपने जीवन में जुड़े सभी फैसले स्वयं ले सकती है और परिवार और समाज में अच्छे से रह सकती है। समान पारिश्रमिक अधिनियम के अनुसार अगर बात वेतन या मजदूरी की हो तो लिंग के आधार पर किसी के साथ भी भेदभाव नहीं किया जा सकता। यौन उत्पीड़न अधिनियम के तहत आपको कार्यस्थल पर हुए यौन उत्पीड़न के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने का पूरा हक है। केन्द्र सरकार ने भी महिला कर्मचारियों के लिए नए नियम लागू किए है, जिसके तहत कार्यस्थल पर यौन शोषण के शिकायत दर्ज होने पर महिलाओं को जांच लंबित रहने तक 90 दिन का पैड लीव दी जाएगी। भारत के हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह महिला को उसके मूल अधिकार जीने का अधिकार का अनुभव करने दें। गर्भाधान और प्रसव से पूर्व पहचान करने की तकनीक



लिंग चयन पर रोक अधिनियम (**PCPNDT**) कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ अधिकार देता है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, जौनपुर विजय कुमार पाण्डेय द्वारा बताया कि भारत में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये सबसे पहले समाज में उनके अधिकारों और मूल्यों को मारने वाले उन सभी राक्षसी सोच को मारना जरूरी है जैसे दहेज प्रथा, अशिक्षा, यौन हिंसा, असमानता, भ्रूण हत्या, महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, बलात्कार, वैश्यावृत्ति, मानव तस्करी, लैंगिक भेदभाव राष्ट्र में सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक अंतर ले आता है जो देश को पीछे की ओर ढ़केलता है। भारत के संविधान में उल्लिखित समानता के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं को सशक्त बनाना सबसे प्रभावशाली उपाय है इस तरह की बुराईयों को मिटाने के लिये। नायब तहसीलदार केराकत, जौनपुर विरेन्द्र प्रताप द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं व महिलाओं से सम्बन्धित कानूनी की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करायी गया। खण्ड विकास अधिकारी मुफ्तीगंज रवि कुमार सिंह द्वारा हिन्दू उत्तराधिकारी अधिनियम के तहत नए नियमों के आधार पर पुश्तैनी संपत्ति पर महिला और पुरूष दोनों का बराबर हक है। किसी मामले में अगर आरोपी एक महिला है तो उस पर की जाने वाली कोई भी चिकित्सा जांच प्रक्रिया किसी महिला द्वारा या किसी दूसरी महिला की उपस्थिति में ही की जानी चाहिए। महिलाओं का पारिवारिक बंधनों से मुक्त होकर अपने और अपने देश के बारे में सोचने की क्षमता का विकास होना ही महिला सशक्तीकरण कहलाता है। पैनल लायर देवेन्द्र कुमार यादव द्वारा नालसा की योजनाओं निःशुल्क विधिक परामर्श व सरकारी खर्चे पर अधिवक्ता की सुविधा, लोक अदालत एवं मध्यस्थता केन्द्र आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन श्रीमती रंजीता शर्मा, सविता यादव, अध्यापिका श्वेता शर्मा, मधुलता चौहान, सविता मौर्या, शालिनी गुप्ता, महिला आगनवाड़ी व अन्य उपस्थित रहें। शिविर का संचालन बाल संरक्षण अधिकारी, चन्दन राय द्वारा किया गया।

## राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश संजीव कुमार गौड़ नपा परिषद जौनपुर में प्लास्टिक मुक्त एवं स्वच्छता संबंधी कार्यों का करेंगे निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : राज्यमंत्री समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश संजीव कुमार गौड़ 26 अगस्त 2022 को अपरान्ह 8.30 बजे निरीक्षण भवन जौनपुर पहुंचेंगे। 27 अगस्त 2022 को प्रातः 7.00 बजे से 8.00 बजे तक नगर पालिका परिषद जौनपुर में प्लास्टिक मुक्त एवं स्वच्छता संबंधी कार्यों का निरीक्षण करेंगे। 9.00 बजे से 9.30 बजे तक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पचहटिया, जौनपुर का स्थलीय निरीक्षण, 9.45 बजे से 10.15 बजे तक उमानाथ स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय जौनपुर का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। 10.20 से 10.50 बजे तक गौ आश्रय स्थल ग्राम पंचायत सरायख्वाजा विकासखंड शाहगंज का निरीक्षण, 11.00 बजे से 12.00 बजे तक जिला अस्पताल का निरीक्षण, 12.00 से 1.00 तक एआरटीओ कार्यालय में उपस्थिति एवं साफ–सफाई का निरीक्षण, अपरान्ह 1.10 बजे विकासखंड सिरकोनी ग्राम सभा इजरी, माननीय मंत्री जी पंचायत भवन का लोकार्पण करेंगे। 2.00 बजे 3.30 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार में माननीय मंत्री समूह द्वारा कानून व्यवस्था, यातायात एवं विकास कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे। 3.30 से 4.30 तक माननीय जनप्रतिनिधियों (वर्तमान/पूर्व) सांसद, विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्ष आदि के साथ बैठक करेंगे। 4.30 से 6.00 बजे तक जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम सादनपुर विकासखंड बक्सा में हर घर नल योजना का निरीक्षण व चौपाल करेंगे। 6.30 से 8.00 तक माननीय मंत्री जी मलिन बस्ती मतापुर जौनपुर में चौपाल/सहभोज करेंगे। रात्रि विश्राम निरीक्षण भवन जौनपुर में करेंगे।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के सम्बन्ध में चलाया जा रहा सघन अभियान

जौनपुर सू.वि. : सहायक श्रम आयुक्त गौतम गिरि में अवगत कराया है कि उ०प्र० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत 39196 निर्माण श्रमिकों एवं 24413 परिवारों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के सम्बन्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। पात्र निर्माण श्रमिकों की ग्राम पंचायतवार सूची जनपद के सभी कॉमन सर्विस सेन्टर, कोटेदारो, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के साथ–साथ सभी विकास खण्डो को प्रेषित कर दी गयी है। उन्होंने सभी निर्माण श्रमिकों से अपील की है की वे अपने राशन कार्ड, श्रमिक पंजीयन प्रमाण–पत्र एवं आधार कार्ड की छाया–प्रति के साथ अपने निकटवर्ती कॉमन सर्विस सेन्टर एवं प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य




केन्द्र एवं कोटेदारों के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनवा ले ताकि उन्हें एवं उनके परिवार को भविष्य में 5 लाख की निःशुल्क चिकित्सा का लाभ मिल सके। यह भी सूचनीय है कि सभी ग्राम पंचायतों में इसके लिए कैम्पों का आयोजन भी किया जा रहा है।

## डा. क्षेम की पुण्यतिथि पर कवि सम्मेलन आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : साहित्य वाचस्पति डा. श्रीपाल सिंह क्षेम की पुण्यतिथि पर विकलांग पुनर्वास केन्द्र लाइन बाजार में श्रद्धांजलि समारोह एंव कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। समारोह में डा. क्षेम के व्यक्तित्व का रेखांकन करते हुए समाजवादी चिंतक वसिष्ठ नारायण सिंह ने



कहाकि डा. क्षेम प्रेम की प्रतिमूर्ति थे। उनकी कविताओं में प्रेम का ही विस्तार है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक ओमप्रकाश दूबे ने बताया कि डा. क्षेम एंव विकलांग केन्द्र के संचालक डा. पीपी दूबे का वैचारिक रिश्ता अत्यंत प्रगाढ़ था। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में कवि सम्मेलन का शुभारंभ कवयित्री सुदामा पांडेय सौरभ ने हमारे घर हे मइया धीरे से अइह वाणी वंदना से की। कवि अजय सोनी ने–राष्ट्र की एकता भंग ना कीजिए। अपने मां–बाप को तंग ना कीजिए। जो जहर बो रहे धर्म के नाम पर ऐसे लोगों का संग तुम ना कीजिए।। पंक्तियों के माध्यम से एकता का संदेश दिया। कवि शशांक देव ने–कांटो को भी जो महकता है, उस रूप में को पाटल कहते है जैसे गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ओज के कवि डा. रणजीत सिंह ने– न राजा याद आता है न रानी याद आती है। हमें बस राष्ट्रभक्तों की कहानी याद आती है।। जैसी कविताओं से उर्जा का संचार किया। संचालक सभाजीत द्विवेदी प्रखर ने हास्य व्यंग की कविताओं से श्रोताओं को ठहाके लगाने पर बाध्य कर दिया। आगंतुकों का अभिवादन डा. पीपी दूबे, अध्यक्षता पं. रामकृष्ण त्रिपाठी तथा धन्यवाद ज्ञापन रामेश्वर त्रिपाठी ने किया। उक्त अवसर पर राजेन्द्र सिंह, राजू गुप्ता, दयाशंकर सिंह, महेन्द्रनाथ राय, आदि रहे।

## राज्य स्तर पर ज्योति सिंह हुई पुरस्कृत



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उच्च प्राथमिक विद्यालय बीवनमऊ की सहायक अध्यापिका ज्योति सिंह ने राज्य स्तर पर जनपद का मान बढ़ाया।मंगलवार को राज्य शैक्षिक,अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद लखनऊ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कला,क्राफ्ट एवं पपेट्री प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ज्योति सिंह को उत्कृष्ट शिक्षण अधिगम सामग्री के लिए सम्मानित किया गया, श्रीमती सिंह द्वारा प्रदर्शित शून्य निवेश आधारित अभीष्ट अधिगम निष्पत्ति की संकल्पना को निदेशालय की टीम द्वारा काफी सराहा गया,जनपद को मिले इस सम्मान के लिए प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह एवम समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओ ने श्रीमती सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवम जनपदीय अध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि ऐसा संम्मान मिलना जनपद के लिए गौरव की बात है आगे अनुप्रेरित होकर हमारे और शिक्षक एवम शिक्षिका गण शिक्षा–शिक्षण में उत्कृष्ट कार्यो से जनपद का मान सम्मान बढ़ाएंगे।

## भाजपा भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में 80 सीट पर विजय प्राप्त करेगी–राजेश श्रीवास्तव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर भूपेंद्र सिंह जी को मनोनीत होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई भूपेंद्र सिंह के प्रदेश अध्यक्ष भाजपा बनने पर भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया ने कहा कि भाजपा उत्तर प्रदेश में और मजबूत होगी आगामी लोकसभा चुनाव में योगी आदित्यनाथ जी मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में 80 सीट पर विजय प्राप्त करेगी ।और होने वाले नगर पालिका चुनाव में भाजपा हर जगहों पर भारी मतों से जीतेगी।

### अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व द्वारा ग्राम प्यारेपुर तहसील सदर स्थित गौशाला का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय द्वारा ग्राम प्यारेपुर तहसील सदर स्थित गौशाला का निरीक्षण किया गया। उक्त गौशाला में कुल 108 गोवंश संरक्षित है। खान–पान की व्यवस्था ठीक पायी गयी। बायो



गैस प्लांट अभी तक सकिय नही हुआ है। सीएण्डीएस का कार्य तत्समय उचित मजबूती के साथ नही किया गया है जिसके कारण अनेक जगह टूट–फूट हुई है। पशुओं के चारा खाने की नॉद जगह–जगह गिरी हुई है, जिससे चारा रखने में समस्या हो रहा है। गौशाला के पीछे लगभग 2 बीघा सरकारी जमीन उपलब्ध है। अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उस भूमि की फीनिंशिंग कराकर तत्काल हरे चारे की बोआई सुनिश्चित करें। निरीक्षण के समय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद जौनपुर, अवर अभियन्ता नगर पालिका परिषद जौनपुर, अवर अभियन्ता, सीएण्डडीएस जौनपुर उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्य की प्रगति की समीक्षा की। वेलस्पन इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी के द्वारा शासन से स्वीकृत 203 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 104 नग पेयजल योजनाओं पर कार्य शुरू है, अवशेष 99 पेयजल योजनाओं पर भी तत्काल कार्य शुरू कराए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने फर्म को आदेशित किया कि प्रतिदिन 500 हाउस कनेक्शन कराया जाए। उन्होंने एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी को निर्देशित किया कि शासन से 138 स्वीकृत योजनाओं पर तत्काल कार्य शुरू करा दिए जाएं। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता जल निगम राजेश कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## मथुरा को फिर सप्तपुरियों जैसा बनाने की तैयारी : अब तक 400 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश सरकार ने मथुरा को द्वापरकालीन वैभव को लौटाते हुए सप्तपुरियों जैसा बनाने की तैयारी की है। सरकार ने मथुरा के विकास के लिए बृज तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद का गठन करने के बाद अब मथुरा को धार्मिक पर्यटन स्थल के लिहाज से वैश्विक स्तर की सुविधाओं से संतृप्त करने का लक्ष्य रखा है। ब्रज क्षेत्र के आठ स्थलों में वृंदावन बरसाना, नंदगांव, गोवर्धन, राधाकुंड, गोकुल, बल्देव एवं मथुरा सबसे प्रमुख हैं। इन्हें ब्रज की धरोहर माना जाता है। 2018 से 2022 तक राज्य सरकार ने लगभग 400 करोड़ रुपये की 102 परियोजनाऐं स्वीकृत की गईं। इनमें से 75 फीसदी पूरी हो चुकीं हैं। यूपी चुनाव में इसे मुद्दा भी बनाया गया था वादा किया गया था कि अगर भाजपा यूपी में फिर से सत्ता में आती है तो अयोध्या की तरह मथुरा का विकास भी होगा। इसके पहले से ही सरकार ने मथुरा में बृजक्षेत्र के विकास का एलान किया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होली के मौके पर मथुरा जाते रहे हैं।

## 1.37 लाख नौनिहाल कर रहे परिवर्तन लागत का इंतजार

लखनऊ ब्यूरो : कोविड संक्रमण कॉल में स्कूल बंद होने पर प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत नौनिहालों को राशन व परिवर्तन लागत भुगतान जिले में परवान नहीं चढ़ सकी है। आलम यह है कि जिले में संचालित स्कूलों में पंजीकृत 1.82 लाख विद्यार्थियों में से 1.72 लाख के अभिभावकों को कोटेदार के माध्यम से राशन तो 44,826 के खाते में डीबीटी के माध्यम से परिवर्तन लागत अंतरित हुई है। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित 1,139 प्राथमिक, 234 उच्च प्राथमिक व 197 कंपोजिट स्कूलों में शैक्षिक सत्र 2022–23 में पंजीकृत एक लाख 822 हजार 484 विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री पोषण (मध्यान्ह भोजन) योजना से लाभांवित किया जाना था। कोविड संक्रमण काल में सभी स्कूल बंद होने पर प्राथमिक स्कूल में पंजीकृत 1,31,851 विद्यार्थियों को प्रतिदिन 4.97 रुपये की दर से परिवर्तन लागत व 100 ग्राम राशन तथा उच्च प्राथमिक स्कूल में पंजीकृत 50,733 विद्यार्थियों को प्रतिदिन 7.45 रुपये परिवर्तन लागत तो 150 ग्राम राशन देने का निर्णय हुआ था। निर्णय के बाद प्राथमिक स्कूल के बच्चों को 94 दिन का राशन नौ किलो चार सौ ग्राम तो उच्च प्राथमिक स्कूल के विद्यार्थियों को 87 दिन का 13 किलो 50 ग्राम राशन देने के लिए प्राधिकार पत्र वितरित कर कोटेदार से राशन प्राप्त करने की व्यवस्था बनाई गई थी। लगातार निगरानी के बावजूद अब तक सिर्फ 1,72,128 विद्यार्थियों को ही राशन मिल सका है। इसी तरह प्राथमिक स्कूल में पंजीकृत प्रति विद्यार्थी को 128 दिन की परिवर्तन लागत 636 रुपये तो उच्च प्राथमिक स्कूल में पंजीकृत विद्यार्थियों को 901 रुपये की दर से परिवर्तन लागत अभिभावकों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से अंतरित करने की व्यवस्था बनाई गई थी। बावजूद इसके अब तक महज 44,826 विद्यार्थियों के अभिभावकों के खाते में परिवर्तन लागत अंतरित की जा सकी है। राशन से वंचित 10,456 को कोटेदार के माध्यम से राशन दिलाने तो 1,37,758 बच्चों के अभिभावकों के खाते में निर्धारित परिवर्तन लागत अंतरित करने की कोशिश में बेसिक शिक्षा विभाग जुटा है। वितरण की होगी जांच निदेशक विजय किरन आनंद ने खाद्य सुरक्षा भत्ता के तहत कोविड संक्रमण कॉल में वितरित किए गए राशन व परिवर्तन लागत वितरण में अनियमितता को रोकने व वितरण के जांच कराने की योजना बनाई है। निदेशक ने बेसिक शिक्षा विभाग को पत्र जारी कर चार अक्तूबर 2021 व 25 फरवरी 2022 के क्रम में प्राधिकार पत्र के आधार पर वितरित राशन व कंवर्जन कास्ट की स्थलीय जांच कराने को कहा है। जांच में नामित अफसर प्रपत्र पर अलग–अलग छात्र व अभिभावकों के बयान दर्ज कर हस्ताक्षर कराएंगे। जांच के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता परिलक्षित होने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति कर रिपोर्ट 10 सितंबर तक निदेशक कार्यालय भेजने को कहा गया है। बीईओ व जिला समंवयक करेंगे जांच निदेशक का पत्र मिलने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग ने सभी बीईओ व जिला समंवयक को जांच की जिम्मेदारी दी है। सभी को रैंडम के आधार पर अगल–अलग स्कूलों के साथ अलग–अलग विद्यार्थियों व अभिभावकों से योजना से जुड़ी जानकारी लेते हुए रिपोर्ट देने को कहा गया है। चल रही धनराशि अंतरण की कवायद जिला समन्वयक मध्यान्ह भोजन अरुण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि राशन से वंचित 10,456 विद्यार्थियों को राशन दिलाने के साथ 1,37,758 के अभिभावकों के खाते में निर्धारित परिवर्तन लागत अंतरित करने की कोशिश चल रही है। पीएफएमएस पोर्टल पर अभिभावकों का बैंक डिटेल सत्यापित होने के बाद जल्द ही परिवर्तन लागत खाते अंतरित की जाएगी। वंचित नहीं होगा कोई विद्यार्थी बीएसए संगीता सिंह ने बताया कि खाद्य सुरक्षा योजना के तहत शतप्रतिशत विद्यार्थियों को राशन व परिवर्तन लागत से नियमानुसार लाभांवित किया जाएगा। पूरे कार्य की नियमित निगरानी की जा रही है। निदेशक के निर्देश पर जांच टीम गठित की गई है। योजना में अनियमितता मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी तो योजना से कोई भी विद्यार्थी किसी भी दशा में वंचित नहीं होगा।

## बच्चों को नमक–रोटी परोसने के मामले में प्रधानाध्यापक निलंबित : सहायक अध्यापकों को नोटिस

सोनभद्र ब्यूरो : सोनभद्र जिले के एक स्कूल में बच्चों को मिड–डे–मील में नमक और रोटी परोसने के मामले में प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया गया है। तो वहीं तीन सहायक अध्यापकों को नोटिस थमाया गया है। उधर, मामले में ग्राम प्रधान पर भी कार्रवाई की तैयारी है। बीएसए ने जांच रिपोर्ट डीपीआरओ को प्रेषित कर दिया है। घोरावल क्षेत्र के गुरेठ कंपोजिट विद्यालय में 22 अगस्त को बच्चों को मिड–डे–मील में नमक–रोटी दिए जाने से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। वीडियो में अलग–अलग कक्षाओं के सभी बच्चे नमक–रोटी खाने की बात कह रहे हैं। मामला सुर्खियों में आने के बाद गुरुवार को खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह जांच के लिए विद्यालय पहुंचे। उन्होंने कक्षाओं में जाकर बच्चों से बात की। प्रधान और प्रधानाध्यापक में सामंजस्य नहीं अभिभावकों, रसोइया, शिक्षकों, प्रधानाध्यापक और प्रधान का भी बयान दर्ज किया। विद्यालय में चार गैस सिलिंडर थे, लेकिन उन्हें रिफिल नहीं कराया जा रहा था। अपनी जांच रिपोर्ट में उन्होंने प्रधान और प्रधानाध्यापक में सामंजस्य न होने के चलते ऐसी स्थिति बनने का उल्लेख किया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर बीएसए हरिवंश कुमार ने प्रधानाचार्य रुद्र प्रसाद को प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए निलंबित कर दिया है। उन्हें इमली पोखर उच्च प्राथमिक विद्यालय इमली पोखर से संबंद्ध किया गया है। सहायक अध्यापकों पर



लगा ये आरोप विद्यालय के सहायक अध्यापक कुंवर सिंह वैश्य, रमेश कुमार और दीपचंद को नोटिस देते हुए उन्हें तीन दिनों में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य समेत अपने विरुद्ध कार्रवाई न किए जाने संबंधी स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा गया है। सहायक अध्यापकों पर आरोप है कि वह विद्यालय में उपस्थित रहते हैं, लेकिन मिड–डे–मील सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में कोई रुचि न लेकर अंजान बने रहते हैं। पूरे मामले की विस्तृत जांच के लिए दुद्धी के बीईओ महेंद्र मौर्य को सौंपी गई है। वहीं इस मामले में प्रधान की भूमिका को भी गैर जिम्मेदाराना मानते हुए कार्रवाई के लिए डीपीआरओ को पत्र भेजा गया है। डीपीआरओ विशाल सिंह ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद प्रधान के विरुद्ध भी समुचित कदम उठाया जाएगा।

## दो चिकित्सकों पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज: गर्भवती महिला की मौत का मामला : कार्रवाई जारी

जौनपुर ब्यूरो : जौनपुर कोतवाली पुलिस ने उप मुख्य चिकित्साधिकारी की तहरीर पर बुधवार की देर रात दो चिकित्सकों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित विभिन्न मामलों के आरोप में केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एससी वर्मा ने तहरीर दिया कि दीक्षा भारती प्रसव के लिए छह अक्टूबर 2020 को कस्बे के सुल्तानपुर रोड स्थित क्लीनिक पर अपने परिजनों के साथ पहुंची थीं। वहां एएनएम ने देखने के बाद उसे उमरपुर के एक निजी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। ऑपरेशन के बाद डॉक्टर उसे बदलापुर ले गए। रात में दीक्षा भारती की हालत खराब होने पर पुनः लेकर उसी अस्पताल लेकर चले गए। जहां पहुंचते–पहुंचते उसकी मौत हो गई। इसी मामले में दो लोगों पर एफआईआर दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने बताया




कि उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी की तहरीर पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# नकली नोटों के सौदागर के साथ पांच और अभियुक्त पुलिस के हिरासत में

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के नेतृत्व में अपराध के विरुद्ध एवं नियंत्रण चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली नगर एवं एसओजी प्रभारी की टीम द्वारा नकली नोटों के साथ पांच अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।अभियुक्तों के पास से 500 के 58 नकली नोट 29000 रुपए भी बरामद किए गए । कोतवाली नगर एवं एसओजी प्रभारी की टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की गई।मुखबिर की सूचना पर एसबीआई मेन ब्रांच के पास से तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया तथा पूछताछ के आधार पर रेलवे स्टेशन फैजाबाद के निकट गुरु गोविंद सिंह चौराहा के पास से 02 अभियुक्तों सहित कुल पांच अभियुक्त को गिरफ्तारी की गई।अभियुक्तो के पास से 500.



500 रुपए के 58 नकली नोट कुल 29000 एवं 5 मोबाइल फोन बरामद किया गया। थाना कोतवाली नगर में सभी अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# लंपी रोग पर नियंत्रण के लिए टीम–9 का गठन : कई मंडलों में 29 अगस्त से चलेगा अभियान

लखनऊ ब्यूरो : पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने बुधवार को लंपी रोग के प्रभावी नियंत्रण एवं बचाव का कार्य युद्ध स्तर पर किये जाने के लिए टीम–9 का गठन किया है। साथ ही लंपी प्रभावित 7 मंडलों में 29 अगस्त से 3 सितंबर तक अभियान चलाने को कहा है। पशुधन मंत्री ने बैठक में कहा कि लंपी से सात मंडल मुरादाबाद, सहारनपुर, अलीगढ़, मेरठ, आगरा, बरेली तथा झांसी प्रभावित हैं। यहां सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। उन्होंने इन मंडलों के विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की छुट्टियां निरस्त करते हुए वैक्सीनेशन कार्य, गो–आश्रय स्थलों एवं गो–संरक्षण केंद्रों के सैनिटाइजेशन एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। टीम ऐसे करेगी काम मंत्री के मुताबिक टीम–9 के नोडल अधिकारी अभियान के दौरान अपने मंडल में ही प्रवास करेंगे और प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। गोवंश की सुरक्षा, आवश्यक औषधियां, भूसा, चारा तथा पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे। साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस बीमारी की रोकथाम, बचाव की रणनीति तैयार करेंगे। पशुपालकों, कृषकों तथा आम जनता को जागरूक करने के लिए सार्वजनिक स्थलों पर 'क्या करें, क्या न करें' के पोस्टर, बैनर, होर्डिंग एवं वाल राइटिंग लगवाकर व्यापक प्रचार–प्रसार कराएंगे। संक्रमित पशुओं की देखभाल एवं मृत पशुओं के समुचित ढंग से शव निस्तारण में भी



आवश्यक प्रोटोकाल का पालन कराएंगे होगा। बैठक में अपर मुख्य सचिव पशुधन डॉ रजनीश दुबे ने बताया कि रोग नियंत्रण के लिए 17.50 लाख वैक्सीन की आकस्मिक व्यवस्था की गई है। ये है टीम 9 टीम–9 में पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह अध्यक्ष रहेंगे। इनके अलावा अपर मुख्य सचिव, डॉ. रजनीश दुबे को मुरादाबाद मंडल, दुग्ध आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील को सहारनपुर, पीसीडीएफ के प्रबंध निदेशक कुणाल सिल्कू को मुरादाबाद, विशेष सचिव पशुधन देवेंद्र पांडेय को अलीगढ़, विशेष सचिव दुग्ध विकास राम सहाय यादव को मेरठ, संयुक्त निदेशक डॉ. अरविंद कुमार सिंह को आगरा, आजमगढ़ के अपर निदेशक डॉ. तरुण कुमार तिवारी को बरेली तथा डॉ. एसपी पांडेय को झांसी मंडल का नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

# 'उत्तर प्रदेश विकास समीक्षा': दुनियाभर के विद्वानों ने किया मंथन : इकोनॉमी–विकास और बेरोजगारी पर हुई बात

लखनऊ ब्यूरो : यूपी में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा के लिए दुनियाभर से जुटे विद्वानों ने राजधानी में मंथन किया। योजना भवन के सेमिनार हॉल में आयोजित 'उत्तर प्रदेश विकास समीक्षा' के पहले विचार–मंथन में विद्वानों ने विचार रखे। अर्थशास्त्री और सेंटर फॉर डेवलपमेंट स्टडीज, यूनिवर्सिटी ऑफ बाथ, इंग्लैंड के प्रो. संतोष महरोत्रा और ब्रूकिंग इंस्टीट्यूशन, वाशिंगटन डी.सी. यूएसए की डॉ. शमिका रवि ने भी अपने विचार रखे। नीति आयोग की नवीनतम रिपोर्ट में जिलों के प्रदर्शन पर चर्चा गोविंद वल्लभ पंत सोशल साइंस इंस्टीट्यूट (जीबीपीएसएसआई) के निदेशक प्रो. बद्री नारायण ने रिपोर्ट लेखन के लिए रोड मैप पर भी प्रकाश डाला। विचार–मंथन सत्र का उद्घाटन योजना, कार्यक्रम कार्यान्वयन और विज्ञान और प्रौद्योगिकी के सचिव आलोक कुमार द्वारा किया गया। अर्थशास्त्री एवं शिक्षाविद प्रो. संतोष मेहरोत्रा ने उत्तर प्रदेश में मानव विकास की स्थिति के बारे में बात की। उन्होंने सुझाव दिया कि राज्य में बेरोजगारी से निपटने के लिए स्किलिंग और स्टार्टअप समाधान हैं। प्रो. प्रदीप भार्गव ने उत्तर प्रदेश के व्यापक आर्थिक आंकड़ों के बारे में बताया। प्रख्यात शिक्षाविद प्रो. अशोक पंकज ने उत्तर प्रदेश में शिक्षा, इसकी उपलब्धियों और चुनौतियों के बारे में




बताया। 90 लाख एमएसएमई से ढाई करोड़ रोजगार उत्पन्न हुए समापन भाषण देते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव नवनीत सहगल ने सरकार की कुछ प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कहा कि पिछले कुछ वर्षो में लगभग 90 लाख एमएसएमई इकाइयों को स्थापित किया गया, जिसमें करीब 4 लाख करोड़ का निवेश किया गया। इस दौरान लगभग 2.5 करोड़ रोजगार उत्पन्न हुआ।

# टेबल टेनिस में जीजीआईसी गौरीगंज ने लहराया परचम

लखनऊ ब्यूरो : जिला स्तरीय तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता के सभी वर्गों में जीजीआईसी गौरीगंज का दबदबा कायम रहा तो अन्य स्कूलों के प्रतिभागियों ने भी विजेता सूची में नाम कायम करने में सफलता हासिल की। प्रतियोगिता के तीसरे दिन मेधावी खिलाडियों को माध्यमिक शिक्षा विभाग पुरस्कृत व प्रशिस्त्र पत्र देकर सम्मानित करेगा। माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित 36 राजकीय, 25 सहायता प्राप्त व 180 वित्त विहीन इंटर कॉलेजों में पंजीकृत विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक सत्र 2022–23 में खेल को अनिवार्य किया गया है। शैक्षिक कैलेंडर के साथ विभाग की ओर से खेल प्रतियोगिता कैलेंडर जारी किया गया है। जारी कैलेंडर के अनुसार शहर स्थित जीजीआईसी में तीन दिवसीय जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को डीआईओएस उदय प्रकाश मिश्र ने किया था। प्रतियोगिता के दूसरे दिन टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में अंडर–14 बालिका वर्ग में जीजीआईसी गौरीगंज की सूफिया बानों ने पहला तो अंशिका शर्मा ने दूसरा स्थान पर कर विजेता रहीं। इसी तरह अंडर–19 बालिका वर्ग में जीजीआईसी शुकुलबाजार की ऊषा पहले तो किरन दूसरे स्थान पर रहीं। डबल अंडर–19 बालिका वर्ग में जीजीआईसी बाजार शुकुल की वर्षा व वंदना पहले तो गौरीगंज की सेजल शर्मा व मंतशा दूसरे स्थान रहीं। अंडर–14 बालिका वर्ग में जीजीआईसी गौरीगंज की सूफिया बानों व अंशिका शर्मा पहले तो इसी स्कूल की मुस्कान बानों व खुशी कुमारी दूसरे स्थान पर रहीं। अंडर–14 बालक वर्ग में शिवनायक सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के आदित्य सिंह पहले तो राजकीय हाईस्कूल के सत्येंद्र कुमार दूसरे तो बालिका वर्ग में जीजीआईसी फुरसतगंज की काजल व खुशबू पहले तो जीजीआईसी गौरीगंज की अनुराधा गुप्ता व नत्या कुमारी दूसरे स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता के तीसरे दिन समापन समारोह में माध्यमिक शिक्षा विभाग मेधावी खिलाडियों को पुरस्कृत करते हुए प्रशिस्त्र पत्र देकर सम्मानित करेगा। विजई प्रतिभागी मंडल स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। खेल प्रतियोगिता में प्रधानाचार्य डॉ. संगीता शर्मा, प्रज्ञा शुक्ला, स्वामी शरण शुक्ल, राकेश कश्यप व सुरेंद्र प्रताप समेत सभी स्कूलों के शिक्षक व खिलाड़ी मौजूद रहे।

# पुलिस पर भारी अंसारीः 42 दिन, आठ राज्य और 12 टीमें : 135 से ज्यादा ठिकानों पर छापे : पर हाथ न लगा विधायक

लखनऊ ब्यूरो : मऊ की सदर सीट से सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी पुलिस पर भारी पड़ गया है। पुलिस की 12 विशेष टीमें डेढ़ महीने में 135 से अधिक ठिकानों पर छापा मार चुकी हैं, लेकिन अब्बास का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। गिरफ्तारी से बचने के लिए विधायक ने राष्ट्रपति चुनाव में मतदान तक नहीं किया था। उधर, सूत्रों की माने तो अब्बास ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर कर दी है। पुलिस के लिए बृहस्पतिवार तक की मोहलत है। इसके बाद पुलिस कोर्ट में फिर से अर्जी डालेगी। बांदा जेल में बंद माफिया व पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी की तलाश में पुलिस ने बुधवार को भी कई जगह दबिश दी। मेट्रो सिटी स्थित विधायक के फ्लैट पर पूछताछ की। वजीरगंज और विधायक आवास भी गईं, लेकिन टीमें खाली हाथ रहीं। डीसीपी उत्तरी कासिम आब्दी के मुताबिक, पुलिस टीमें मऊ, वाराणसी, गाजीपुर, पंजाब और दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। कई जगह दबिश भी दी है। इसके अलावा राजस्थान, पश्चिम बंगाल, हैदराबाद, उत्तराखंड, पंजाब व छत्तीसगढ़ में भी अब्बास की तलाश की जा रही है। बृहस्पतिवार तक का समय कोर्ट से मिला है। इसके बाद भगोड़ा घोषित करने की अर्जी कोर्ट में डाली जाएगी। कानूनी औपचारिकता पूरी होते ही संपत्ति भी कुर्क की जाएगी।पंजाब में लोकेशन तो मिली, पर अब्बास नहीं महानगर थाने में 2019 में विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ शस्त्र लाइसेंस के दुरुपयोग का मुकदमा दर्ज किया गया था। पेशी से गायब रहने पर कोर्ट ने गैरजमानती वारंट जारी किया था। पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए सात टीमें बनाई थीं। गिरफ्तारी के लिए




दबिश दी, पर विधायक हाथ नहीं लगा। इसी बीच सर्विलांस से उसकी लोकेशन पंजाब में मिली। तत्काल टीम भेजी गई, पर खाली हाथ रही। एक टीम को उसके संभावित ठिकानों की निगरानी के लिए वहीं रोक दिया गया।12 से शुरू हुए ताबड़तोड़ छापे, पर मामला सिफर। अब्बास को भगोड़ा घोषित करने के लिए पुलिस ने 11 अगस्त को अर्जी दी थी। इसे कोर्ट ने खारिज करते हुए 25 अगस्त तक गिरफ्तार करने का समय दिया था। इसके बाद 12 अगस्त से पुलिस ने लखनऊ में ताबड़तोड़ छापे मारने शुरू किए। मेट्रो सिटी स्थित विधायक के फ्लैट, चचेरे विधायक भाई मन्नू अंसारी के फ्लैट और दारुलशफा स्थित सरकारी आवास पर छापा मारा था, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। मुख्तार के करीबी छह गैंगस्टरों की संपत्ति खंगाल रही पुलिस मुख्तार अंसारी के गिरोह पर और शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने छह गैंगस्टरों की संपत्ति खंगालनी शुरू कर दी हैं। दो गैंगस्टर मुख्तार के करीबी सुरेंद्र कालिया से जुड़े हैं, जबकि चार गैंगस्टर लखनऊ, वाराणसी और बांदा जेल में बंद हैं। मुख्तार के करीबी जुगनू वालिया की संपत्ति भी पुलिस ने खंगाली है। इस पर इनाम भी घोषित है। रेस्टोरेंट संचालक हत्याकांड में जुगनू फरार है। जुगनू की आलमबाग के अलावा कई जगह संपत्तियां हैं। एसीपी के नेतृत्व में बनी तीन टीमें जुगनू की संपत्ति तलाशने में जुटी हैं। वहीं, वजीरगंज में रहने वाले मुख्तार के एक करीबी की सिटी स्टेशन के पास संपत्ति है।

# लविवि के पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 10 से 17 सितंबर तक होगी

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा की तिथि की घोषणा कर दी है। प्रवेश परीक्षाएं 10 से 17 सितंबर तक चलेंगी। जल्द ही लविवि प्रशासन प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम अपनी वेबसाइट पर जारी कर देगा। लविवि के पीजी पाठ्यक्रमों में आवेदन की अंतिम तिथि 30 अगस्त है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 10 से 17 सितंबर तक किया जाएगा। तीन सितंबर को प्रवेश परीक्षा का विषयवार कार्यक्रम जारी कर दिया जाएगा। छात्र इसकेलिए प्रवेश पत्र छह सितंबर से लविवि की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेंगे। छात्रों के लॉगइन आईडी के माध्यम से प्रवेश पत्र डाउनलोड होगा। प्रवेश परीक्षा को लेकर दिशा–निर्देश प्रवेश पत्र में प्रकाशित रहेगा। प्रवेश परीक्षा लविवि के मुख्य और नवीन कैंपस में होगी। आज से मिलेगा यूजी प्रवेश परीक्षा का प्रवेश पत्र लविवि के यूजी में प्रवेश करने के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा का प्रवेश पत्र 25 अगस्त से लविवि की वेबसाइट से मिलेगा। छात्र लॉगइन आईडी से इसे डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश पत्र में बार कोड भी होगा जिसे स्कैन करने पर छात्र गूगल मैप के माध्यम से अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंच सकेंगे। प्रवेश परीक्षा 29 अगस्त से चार सितंबर तक चलेगी। यूजी पाठ्यक्रमों के लिए लविवि ने गत 18 अगस्त तक आवेदन लिए



थे। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए लविवि मुख्य व जानकीपुरम स्थित नवीन कैंपस को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। वहीं बीए में सबसे ज्यादा छात्रों ने आवेदन किया है। लविवि परिसर के अलावा अन्य केंद्र भी बनाए जाएंगे। 29 अगस्त को सुबह 11:30 से एक बजे तक बीएलएड और चार बजे से 5:30 बजे तक डीफार्मा के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। 30 को दोपहर 11:30 से एक बजे तक बीजेएमसी, चार से 5:30 बजे तक बीवीए, बीएफए, 31 अगस्त को 11:30 से एक बजे तक बीएससी बायोलॉजी एनईपी, चार से 5:30 बजे तक बीएससी एग्रीकल्चर, एक सितंबर को 11:30 बजे से एक बजे तक बीए एनईपी, दो सितंबर को 11:30 से एक बजे तक बीएससी मैथमेटिक्स एनईपी, चार से 5:30 बजे तक बीसीए, तीन सितंबर को 11:30 से एक बजे तक एलएलबी पांच वर्षीय, चार से 5:30 बजे तक बीबीए, चार सितंबर को 11:30 से एक बजे तक बीकॉम एनईपी और चार से 5:30 बजे तक बीकॉम ऑनर्स के लिए प्रवेश परीक्षा होगी।

# विज्ञान के परीक्षार्थियों की कॉपियों पर विशेष नजर : डिबार किए जा चुके हैं 9849 छात्र

प्रयागराज ब्यूरो : प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) राज्य विश्वविद्यालय में स्नातक तृतीय वर्ष की परीक्षा में सामूहिक नकल में डिबार किए गए परीक्षार्थियों में 87 फीसदी परीक्षार्थी विज्ञान के हैं। आंकड़े चौंकाने वाले हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन अब स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की कॉपियों के मूल्यांकन में विज्ञान के छात्रों की कॉपियों पर विशेष नजर रख रहा है। स्नातक तृतीय वर्ष की परीक्षा डिबार किए गए 9849 परीक्षार्थियों में से 8573 बीएससी तृतीय वर्ष के हैं। वहीं, बीए के 1075 और सबसे कम बीकॉम के 201 परीक्षार्थी डिबार किए गए हैं। राज्य विवि में इन दिनों बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की कॉपियों का मूल्यांकन चल रहा है। प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के मूल्यांकन में विज्ञान के छात्रों की कॉपियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। सूत्रों के अनुसार मूल्यांकन के दौरान जब सामूहिक नकल पकड़ी गई तो देखा गया कि एक कमरे में बैठे लगभग सभी परीक्षार्थियों की कॉपियों में एक जैसी गलती थी और कॉपियों में पूरे के पूरे उत्तर एक–दूसरे से मेल खा रहे थे। जिन केंद्र में तृतीय वर्ष की परीक्षाएं हुईं, उन्हीं केंद्रों में स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं भी आयोजित की गईं।उड़ाका दलों की रिपोर्ट पर अलग से मूल्यांकन स्नातक तृतीय वर्ष की तरह अब स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की कॉपियों के मूल्यांकन के लिए उड़ाका दलों और कंट्रोल रूम की




रिपोर्ट को आधार बनाया गया है। सूत्रों का कहना है कि प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षा में भी ज्यादातर विज्ञान के परीक्षार्थियों के शामिल होने के आरोप हैं। इन परीक्षार्थियों की कॉपियों का अलग से मूल्यांकन कराया जा रहा है। मूल्यांकन कार्य पूरा होने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन चिह्नित कॉलेजों के खिलाफ भी कार्रवाई करेगा। सम सेमेस्टर की परीक्षा में पकड़े गए 29 नकलची प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) राज्य विश्वविद्यालय की सत्र 2021–22 की सेम सेमेस्टर की परीक्षाएं भी चल रहीं हैं। बुधवार को उड़का दलों के औचक निरीक्षण के दौरान 29 परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़े गए। प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर एवं प्रतापगढ़ के 141 केंद्रों में दो पालियों में हुई परीक्षा में 48218 परीक्षार्थी शामिल हुए और 357 छात्र–छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी।

# टैंपो व पिकप में टक्कर : टैंपो चालक की मौत

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। जनपद अयोध्या थाना पूराकलंदर के भरत कुंड मे पिकअप ने टेम्पो को जबरदस्त टक्कर मारी जिससे तेज टक्कर से टेम्पो पलटा गया जिसमें टेम्पो चालक 60 वर्षीय वृद्ध कि मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगो ने पिकअप को पकड़ कर पुलिस को सुचना दी। हादसे के बाद टेम्पो चालक सड़क पर तड़पता देख एक रहगीर ने मानवता दिखाई। शहर ड्यूटी करने आ रहे व्यक्ति ने अपनी बाइक से जिला अस्पताल पहुंचाया जिसे डाक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया।शव को कोतवाली भेज कर मृतक कि पहचान कराई गई। मृतक 60 वर्षीय बजरंग लाल गुप्ता पुत्र स्व. बिद्र प्रसाद निवासी ग्राम जमुरात गंज माधवपुर थाना पूरकलंन्द्र के रूप मे हुईं हैं जो टेम्पो चालक था।

# आज ईकेवाईसी करवाने का आखिरी दिन : नही करवाए तो रुकेगी किसान सम्मान निधि

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित होने वाले किसानों के लिए आज 25 अगस्त गुरुवार तक ईकेवाईसी कराना अनिवार्य है। नहीं तो उन्हें किसान सम्मान निधि योजना के लाभ से वंचित होना पड़ सकता है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का प्रत्येक 4 महीने बाद लाभ लेने वाले किसानों द्वारा ईकेवाईसी न कराने पर उनकी किस्त रोकी जा सकती है। उक्त जानकारी देते हुए कृषि उपनिदेशक डॉ एस के त्रिपाठी ने बताया कि किसान सम्मान निधि पाने वाले सभी किसानों को प्रत्येक दशा में अपनी ईकेवाईसी करवा लेनी चाहिए। अभी तक जिले में 120394 किसानों द्वारा ईकेवाईसी नहीं कराई गई है।

# तय समय बीतने के बाद भी लेबोरेट ने नहीं दिया नशीली दवाओं का रिकॉर्ड

गोरखपुर ब्यूरो : ड्रग विभाग को लेबोरेट फॉर्मास्युटिकल ने समय सीमा बीत जाने के बाद भी नशीली दवाओं की खरीद–बिक्री का रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया है। मंगलवार को लेबोरेट को कागजात उपलब्ध कराने थे। लेकिन, अब तक एक भी कागज विभाग को नहीं मिला है। इस पर ड्रग विभाग ने दूसरी बार रिमाइंड भेजने का फैसला लिया।



इसके लिए दो से तीन दिन का समय दिया जाएगा। इसके बाद अगर कागजात नहीं दिखाते हैं, तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दो करोड़ रुपये की नशीली दवाओं की बरामदगी के बाद ड्रग विभाग की टीम भालोटिया मार्केट में लगातार छापा मार रही है। इस मामले में छह लोगों की गिरफ्तार हो चुकी है। जबकि, दवा व्यापारी सगे भाई आशीष गुप्ता और अमित गुप्ता फरार चल रहे हैं। इसके बाद से टीम लगातार आठ दुकानों से नारकोटिक्स की 16 दवाओं के नमूने ले चुकी है। शनिवार को कफ सिरप एस कॉफ के सीएंडएफ लेबोरेट फार्मास्युटिकल के यहां छापा मारा गया था। इसके मालिक मनीष केडिया हैं। यहां से छह तरह की नशीली दवाओं की खरीद–बिक्री की जाती है। मौके पर फर्म खरीद–बिक्री संबंधी कोई कागजात नहीं दिखा सकी। इसके लिए विभाग ने तीन दिन का समय भी दिया था, जो पूरा हो चुका है। वहीं, मैनकाइंड के सीएंडएफ ने 10 मिनट के अंदर ही तीन साल के रिकॉर्ड उपलब्ध करा दिए थे। यह कंपनी भी नारकोक्टिस की दवाएं बनाती है। ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की जानकारी न्यायालय को दी ड्रग विभाग की टीम ने लेबोरेट फॉर्मास्युटिकल के यहां छापा मारने के दौरान प्रसव पीड़ा में इस्तेमाल की जाने वाली ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन को बरामद किया था। यह इंजेक्शन दो से आठ डिग्री सेल्सियस में रखा जाना चाहिए था, लेकिन टीम को फर्श पर मिला था। इस पर टीम ने 5.91 लाख रुपये के इंजेक्शन जब्त कर लिए थे। इसकी सूचना टीम ने बुधवार को न्यायालय में दी है। रिकॉर्ड देने में देरी खड़े कर रहे कई सवाल जिस तरह मैनकाइंड ने 10 मिनट के अंदर तीन साल की खरीद–बिक्री का रिकॉर्ड उपलब्ध करा दिया। उसी तरह किसी अन्य दवा व्यापारी ने अब तक रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया है। जबकि, सभी व्यापारियों के यहां कंप्यूटर लगे हुए हैं। व्यापारी चाहें तो एक क्लिक पर रिकॉर्ड उपलब्ध करा सकते हैं, लेकिन लेबोरेट फॉर्मास्युटिकल की तरफ से चार दिन बीत जाने के बाद भी रिकॉर्ड उपलब्ध न कराना कई सवाल खड़े कर रहा है। सूचना न देने पर की जाएगी कानूनी कार्रवाई ड्रग इंस्पेक्टर जय सिंह ने बताया कि लेबोरेट फॉर्मास्युटिकल ने समय बीत जाने के बाद भी खरीद–बिक्री का रिकॉर्ड नहीं दिया है। इसके लिए उन्हें फिर से रिमाइंडर भेजा जाएगा। इसके बाद भी अगर कोई कागजात नहीं मिलते हैं तो ड्रग एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लेबोरेट फार्मास्युटिकल मनीष केडिया ने कहा कि कंपनी से कागजात मांगे गए हैं। शुक्रवार तक सभी कागजात मिल जाएंगे, फिर ड्रग विभाग की टीम को उपलब्ध करा दिए जाएंगे। जिस दिन कागजात मांगे गए थे, उसी दिन कंपनी को ईमेल से सूचना भेज दी गई थी।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार-पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।